**खबर संक्षेप**

### एकलव्य विद्यालय में पौधरोपण रोपण आज

**मैहर।** 20 जुलाई को वार्ड नं 1 मैहर में स्थित एकलव्य विद्यालय में विधायक विधानसभा क्षेत्र मैहर के नेतृत्व में कलेक्टर मैहर,अध्यक्ष नगरपालिका परिषद मैहर,परिषद पदाधिकारियों,विभिन्न सामाजिक संगठनों ,सामाजिक कार्यकर्ताओं,जनप्रतिनिधियों,होटल एसोसियेशन,मेडिकल एसोसिएशन व्यापारी संगठनों, पत्रकार बंधु,विद्यालयों के सम्मानित प्राचार्यगण,छात्र छात्राओं,विभिन्न विभागों के अधिकारियों कर्मचारियों की उपस्थिति में एक पेड़ मां के नाम के तहत बृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार प्रातः 9 बजे से किया गया है जिसमें आप सभी उपस्थित हो कर एक पेड़ मां के नाम लगाने हेतु सादर आमंत्रित हैं। पेड़ की व्यवस्था वृक्षारोपण स्थल पर की गई है।

### सीईओ ने ली समीक्षा बैठक

**मैहर।** जनपद पंचायत मैहर के सभाकक्ष में निर्माण कार्य,समस्त जन कल्याणकारी योजना सहित समस्त कार्यो को लेकर शुक्रवार को जनपद सीईओ प्रतिपाल सिंह बागरी द्वारा समस्त पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायकों की समीक्षा बैठक ली गई जिसमें इंजीनियर एई,पीसीओ सहायक यंत्री,बीपीओ,बाबू दीपक मिश्रा एवं समस्त पंचायत सचिव,रोजगार सहायक उपस्थित रहे।

### जिले में अब तक 180.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**सतना।** जिले में इस वर्ष 1 जून से 19 जुलाई 2024 तक 180.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख सतना से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले की सतना (रघुराजनगर) तहसील में 339.7 मि.मी., सोहावल (रघुराजनगर) में 128.3 मि.मी., बरौंधा (मझगवां) में 155.5 मि.मी, बिरसिंहपुर में 191 मि.मी., रामपुर बाघेलान में 82.5 मि.मी., नागौद में 180.5 मि.मी., जसो (नागौद) में 75.9 मि.मी. एवं उचेहरा में 289 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। जिले की औसत सामान्य वर्षा 891.7 मि.मी. है। गत वर्ष इस अवधि में 209.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई थी।

### सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों को कम करे-कलेक्टर



**सतना।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शुक्रवार को आयोजित समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में कलेक्टर रानी बाटड ने सीएम हेल्पलाइन और जनसुनवाई के लंबित प्रकरणों सहित विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।बैठक में अपर कलेक्टर शैलेंद्र सिंह, एसडीएम मैहर विकास सिंह,एसडीएम रामनगर डॉ आरती सिंह,सीईओ प्रतिपाल बागरी,डीपीओ राजेंद्र बांगरे, सीएमएचओ एलपी तिवारी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास, नगर पालिका, ऊर्जा, पीएचई और राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुये कहा कि इन विभागों की शिकायतों में वृद्धि देखने को मिल रही है। बैठक में कलेक्टर श्रीमती बाटड ने महिला बाल विकास विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि 25 शिकायतें प्रतिदिन कम करें। कलेक्टर ने कहा कि जिन विभागों की शिकायते कम है या एल-1 पर है, वे शिकायतो को नजर अंदाज न करे। बल्कि उन शिकायतों को कम करें। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतो को गंभीरता से देखते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन में 50 दिवस से अधिक की लंबित शिकायतो को संतुष्टि पूर्वक निराकरण कर बंद करें। बैठक में कलेक्टर ने सैनिक कल्याण के अर्तगत झंडा दिवस का बकाया राशि भुगतान करने के लिए सभी विभागों को निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जिन विभागों ने सैनिक कल्याण के अंतर्गत झंडा दिवस का बकाया राशि भुगतान कर दिया है वे भुगतान की रसीद जमा करेंगे।

# आकाशीय बिजली गिरने से 4 युवकों की मौत



## पेड़ के नीचे खड़े चार मजदूर आकाशीय बिजली से झुलसे

सतना

आकाशीय बिजली गिरने से डगडीहा,जैतवारा,रामपुर बघेलान और कोटर में चार युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने सभी शवों को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। मिली जानकारी के मुताबिक 16 वर्षीय और 18 वर्षीय युवक की हुई मौत डगडीहा और जैतवारा में हो गई। बताया जाता है कि ये युवक जैतवारा जा रहे थे। बारिश की वजह से तुर्री मोड़ पर रुके थे। उधर रामपुर बघेलान में भी आकाशीय बिजली गिरने से करमउ निवासी जिवेंद्र पांडे की मौत हो गई। इसी प्रकार कोटर थाना अंतर्गत खोहर गांव में धान का रोपा लगाने गये एक युवक की गाज गिरने से घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। सूचना मिलने पर पुलिस द्वारा पंचनामा बनाने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिये शासकीय अस्पताल भिजवा दिया गया है। इसके अलावा उचेहरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पुरैना के हरदुआ गांव में भी आकाशीय बिजली गिरने के कारण पेड़ के नीचे खड़े चार मजदूरों के झुलस जाने की खबर मिली है। इन सभी का इलाज नागौद चिकित्सालय में चल रहा है। कोटर थाना क्षेत्र की घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक तिहाई ग्राम निवासी विनोद केवट पुत्र सुरेश केवट 32वर्ष खोहर ग्राम में धान का रोपा लगाने गया था,शाम में जब वह खेत में काम कर रहा था,उसी दौरान आसमान में घोर गर्जना के साथ बिजली गिरी,जिसकी चपेट में आकर युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। सूचना मिलने पर कोटर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर पंचनामा तैयार कराने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिये जिला अस्पताल भिजवाया। बताया गया है कि पुलिस द्वारा परिजनों को घटना की सूचना देकर बुलवाया गया। सुबह पोस्टमार्टम के बाद युवक का शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

### बिजली गिरने से पांच बकरियों की मौत, चरवाहा घायल

बाबूपुर चौकी अंतर्गत मलगाँव में गाज गिरने से 5 बकरियों की मौत मौत हो गई जबकि बकरियां चरा रहा चरवाहा गंभीर रुप से झुलस गया उसे नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है जहां पर उसका इलाज किया जा रहा है। बताया जाता है कि अचानक बादल गरजने लगे और फिर चमक के साथ पानी भी गिरने लगा इसी दौरान चरवाहा पेड़ के पास खड़ा हो गया जहां पर आकाशी बिजली गिरने से बकरियों की मौत हो गई और चरवाहा घायल हो गया।

### आकाशी बिजली के झटके से घर के बाहर बैठी वृद्धा और एक युवती बेहोश

धारकुण्डी थाना क्षेत्र के अमिरती गांव के समीप आकाशीय बिजली के झटके से घर के बाहर बैठी बृद्ध महिला समेत एक युवती बेहोश हो गई। घटना के बाद यहां अफरा तफरी का माहौल निर्मित हो गया। परिजनों और आसपास रहने वाले लोगों ने तत्काल दोनों को अस्पताल पहुंचाया जहां पर चिकित्सकों ने उनका इलाज किया। खबर लिखे जाने तक हालत खतरे से बाहर बताई गई है।

## बिजली की समस्या को लेकर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन





**सतना।** शुक्रवार को कांग्रेसियों ने प्रेमनगर स्थित मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के दफ्तर के सामने प्रदर्शन किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष दिलीप मिश्रा,शहर अध्यक्ष एडवोकेट मकसूद अहमद की मौजूदगी में हुए इस प्रदर्शन में विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा भी शामिल हुए।कांग्रेसियों ने यहां एक सभा की और बिजली समेत तमाम अन्य मुद्दों पर भी प्रदेश सरकार को घेरा। नारेबाजी के बीच कांग्रेसियों ने प्रभारी एसई को जिले भर में बिजली की अघोषित कटौती, मनमानी बिलिंग, स्मार्ट मीटरों की रफ्तार के कारण आम जनता को हो रही परेशानी से अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के जरिए कांग्रेस ने अघोषित कटौती का खेल बंद कर निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने,जले ट्रांसफॉर्मर बदलने,लो वोल्टेज की समस्या का समाधान करने और तेज रफ्तार से दौड़ रहे स्मार्ट मीटर लगाए जाने पर तत्काल रोक लगाने की मांग की।

### जिले भर में हुआ प्रदर्शन

बिजली से जुड़े मुद्दों पर कांग्रेस का यह प्रदर्शन जिले के सभी विद्युत वितरण केंद्रों के स्तर पर हुआ। जिलाध्यक्ष दिलीप मिश्रा के मुताबिक स्थानीय नेताओं-कार्यकर्ताओं ने सभी विद्युत वितरण केंद्रों पर प्रदर्शन कर बिजली अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा है। रामपुर बघेलान में भी कांग्रेसियों ने प्रदर्शन किया।

## शराब ठेकेदार ने हाइवे 30 के किनारे बनी रेलिंग को तोड़कर शराब बेचने के लिए बनाया रास्ता

**मैहर।** मैहर में शराब ठेकादारों की मनमानी के कारण गांव-गांव अवैध शराब की बिक्री किए जाने से सरकार के द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान को पलीता लगाया जा रहा है। अब तो यह है बकायदा नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए शराब के ठेके खोले जा रहे है। बताया जा रहा है कि मैहर के आबकारी इंस्पेक्टर नीलेश गुप्ता शराब ठेकेदार भारत भूषण तिवारी पर मेहरबान होकर हाईवे से सटाकर शराब की दुकान खोलवा दी है। बताया जा रहा है कि यह मामला मैहर जिले में अमदरा घुनवारा सभागंज और झुकेही का है। हाईवे के किनारे ही शराब ठेकेदार की दुकान खुल गई जिसकी परमीशन आबकारी इंस्पेक्टर नीलेश गुप्ता ने दे दी। जबकि नियम कहता है कि हाईवे से 220 मीटर दूर शराब की दुकान होनी चाहिए लेकिन नियमों को दरकिनारे रखते हुए शराब की तीनों दुकानें 50 मीटर के अंदर खुली है। यही नहीं हाइवे के किनारे खतरनाक मोड़ों में सेफ्टी के लिए फोरलेन वाले मोटी चादर की रेलिंग लगवाई जाती है मगर शराब के ठेकेदार के द्वारा इस रेलिंग को काटकर अपने शराब ठेके तक रास्त बना लिया गया है। गांव वालों के अनुसार यह शराब ठेका घुनवारा के नाम से लिया गया है लेकिन इस ठेके को ग्राम पंचायत गोरइया कला के सीमा में खोला गया है जिसका विरोध भी किया जा रहा है। इस संबंध में इंस्पेक्टर से जब जानकारी मांगी गई तो उन्होंने कहा कि हमें जानकारी नहीं है और पूंछा गया कि यह जानकारी किसने दी है जब बताया गया कि गांव वालों ने दी तो कहा गया कि दिखवाता हूं। इस मामले में मैहर जिले के कलेक्टर से शिकायत की गई है अब देखना है कि प्रशासन क्या कार्रवाई करता है।

### एनएचएआई के कर्मचारी को कार्य करते समय डंपर ने मारी टक्कर उपचार के दौरान मौत

**मैहर।** देहात थाना अंतर्गत बरहिया के पास एनएचएआई 30 में सड़क सफाई का कार्य कर रहे पप्पू कुशवाहा को डंपर ने ठोकर मारदी जिससे पप्पू कुशवाहा गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे गुपचुप तरीके से एन एच एआई के द्वारा मैहर सिविल अस्पताल लाया गया जहां से सतना रेफर कर दिया गया था। पप्पू कुशवाहा की रास्ते में मौत हो गई। परिजनों व ग्रामीणों द्वारा मुआवजे की मांग की जा रही है हंगामे की स्थिति बन रही है।

## मैहर रेलवे स्टेशन में गंदा पानी भरने से दर्शनार्थी परेशान

**थोड़ी सी बरसात में रेलवे स्टेशन बन जाता है गंदे पानी का तालाब**





**मैहर।** मैहर रेलवे स्टेशन का सौंदर्यीकरण का कार्य चल रहा है लेकिन प्रमुख समस्या को नजरअंदाज किया जा रहा है। आज भी मैहर में थोड़ी सी बरसात होने पर स्टेशन के सामने एवं चौक से काली मंदिर की ओर जाने वाले रास्ते में घुटनों तक गंदा पानी भरा रहा। इसी तरह रेलवे स्टेशन के सामने जहां पर ऑटो वाले खड़े रहते है वहां पर घुटनों तक पानी भरा रहा जिसके कारण स्टेशन के बाहर आए दर्शनार्थी नहीं निकल सके। इसी तरह रेलवे स्टेशन के सामने बने रेलवे का नाला ऊपर तक भरा रहा। काली मंदिर की ओर जाने वाली सड़क में इतना गंदा पानी भरा कि लोग बने होटलों में ही कैद हो कर रह गए। बताया जाता है कि यहां पर बोस कालोनी एवं सिधी कालोनी की ओर से आने वाले पानी की निकासी न होने भर जाता है। रेलवे स्टेशन चौक के इधर उधर बनी होटलों के सामने बनी नालियां गायब है जिससे यहां पर पूरा गंदा पानी भरता है। सबसे बड़ी बात यह है कि इस समस्या को लेकर रेलवे जोन के बड़े अधिकारियों एवं मैहर में नगर पालिका के अध्यक्ष एवं सीएमओ का भी ध्यान इस ओर कराया जा चुका है मगर इस रेलवे स्टेशन चौक में बनी दुकानों के सामने की नालियों को स्वतंत्र नही किया गया है जिसका खामियाजा मां शारदा के दर्शन करने हेतु आने वाले दर्शनार्थियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

## बिजली कटौती के विरोध में कांग्रेस का अनोखा विरोध प्रदर्शन विद्युत विभाग के अधिकारियों को मोमबत्ती देकर किया प्रदर्शन



मैहर

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला मैहर कांग्रेस कमेटी के द्वारा आज प्रदेश व्यापी धरना प्रदर्शन के दौरान मैहर जिले के विद्युत वितरण कंपनी के संभागीय कार्यालय के सामने नारे बाजी के साथ घेराव एवं धरना प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष धर्मेश घई के द्वारा कहा गया कि प्रदेश में उपभोक्ताओं को भारी भरकम बिल पहुंचाये जा रहे हैं साथ ही गुणवत्ता रहित मीटर उपभोक्ताओं को दिए जा रहे हैं जो कुछ ही महीने में जल जाते हैं उसके बाद कंपनी एवरेज बिल देना शुरू कर देती है जिसमें गरीब किसान एवं मध्यमवर्गीय परिवार विद्युत बिल देते देते अपना घर तबाह कर लेता है। काफी दिनों से क्षेत्र व नगर में अघोषित विद्युत कटौती से जनजीवन अस्त व्यस्त है जिससे नगर व क्षेत्रवासियों में आक्रोश व्याप्त है। सौपें गए ज्ञापन में जिला अध्यक्ष धर्मेश घई ने बताया कि कांग्रेस शासनकाल में इंदिरा ज्योति योजना के अंतर्गत 150 यूनिट की खपत वाले उपभोक्ताओं को 100 यूनिट खपत के लिए 100 रुपये के भरने पड़ते थे जिसे चालू किया जाए। इसी तरह मेंटेनेंस के नाम पर शहर में अनावश्यक विद्युत कटौती करने के बावजूद भी शहर के ट्रांसफार्मर,विद्युत लाइन जर्जर बनी हुई हैं जिन्हें शीघ्र दुरुस्त कराया जाये वहीं जो बार बार बिजली आ जा रही है उससे भी आम जनता को राहत दिया जाए। इस दौरान समस्त बिजली संबंधित समस्याओं से अवगत कराया एवं जो बिजली आपूर्ति में व्यवधान पैदा हो रहा है उसे विरोध स्वरूप प्रतीकत्मक मोमबत्ती भी ज्ञापन के साथ अधिकारी को प्रदान की गई। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष प्रभात द्विवेदी,अमदरा ब्लॉक अध्यक्ष अमजद खान,वरिष्ठ कांग्रेस नेता केशव चौरसिया,पुष्पराज सिह,चूड़ामणि बढ़ोलिया,राम सिंह,सनी सिंह सहित स्थानीय जनता एवं ग्रामीण जनता उपस्थित रही।

## आपदा प्रबंधन के लिए समाज में जागरूकता भी जरूरी-सीईओ जिला पंचायत

### स्वयं संस्थाओं के आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन



**सतना।** आपदा प्रबंधन संस्थान भोपाल,गृह विभाग म.प्र. शासन के निर्देशन में और जिला प्रशासन सतना एवं यूनिसेफ मध्यप्रदेश के समन्वय से शुक्रवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित स्वयं सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन किया गया। जिले की स्वयं सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों को आपदा प्रबंधन,आपदा जोखिम न्यूनीकरण और आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव के उपकरणों से अवगत कराया गया। समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीईओ जिला पंचायत सुश्री संजना जैन ने कहा कि आपदा प्रबंधन में राहत और बचाव के कार्यों तथा पुर्नवास कार्यों में स्वयं सेवी संस्थाओं की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। आपदा प्रबंधन में सूचना का सम्प्रेषण तत्काल होना आवश्यक होता है। इसके अलावा समाज में आपदा से बचाव और नियंत्रण के बारे में जागरूकता भी जरूरी होती है। समाज में जागरूकता लाकर स्वयं सेवी संस्थायें प्रशासन की मदद कर सकती है। सीईओ जिला पंचायत ने कहा कि स्थानीय होने के कारण स्वयं सेवी संस्थायें आपदा प्रबंधन, राहत और बचाव के पहुंचने के पूर्व ही प्राथमिक सावधानी और कार्यवाहियों के बारे में लोगों को सचेत कर सकती है। संयुक्त संचालक भोपाल डॉ.जॉर्ज व्ही.जोसेफ ने कहा कि आपदा प्रबंधन के लिए जिले के कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला डिजास्टर मैनेजमेंट कमेटी और एसडीआरएफ की टीम जिला स्तर पर कार्यरत होती है। इसी प्रकार राज्य स्तर पर भी एसडीआरएफ और राज्य स्तरीय डिजास्टर कमेटी रहती है।आपात स्थिति में राज्य स्तरीय कन्ट्रोल रूम नम्बर 1979 पर सम्पर्क कर सकते हैं। नगर निगम के फायर आफीसर आरपी परमार और उनकी टीम ने अग्नि दुर्घटना से बचाव और राहत,अग्निशमन की प्रक्रिया,उपकरण की जानकारी देकर डेमो का प्रदर्शन भी किया। होमगार्ड के पीसी अमित पटेल ने बाढ़ राहत एवं बचाव के तरीके प्रयोग में लाये जाने वाले उपकरण लाइफ जैकेट,लाइफ बाय,थर्मोकोल,बाटल लाइफ जैकेट,आस्का लाईट,कोलाप्स, बिल्डिंग कटर,फायरमैन लिफ्ट,टू हैण्ड,थ्री हैण्ड,फोर हैण्ड सीट,पिकअप बैक,रिर्वस पिकअप बैक आदि के बारे में जानकारी दी। कार्यशाला के समापन अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास सौरभ सिंह,जिला समन्वयक जन अभियान परिषद डॉ.राजेश तिवारी सहित स्वयं सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### तहसीलदार देवेंद्रनगर की आमजन से की अपील, समग्र आईडी को खसरे से लिंक करायें

**देवेन्द्रनगर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री के निर्देश पर पूरे प्रदेश भर में राजस्व महाअभियान पूरे जोर शोर से मनाया जा रहा है जिसके अंतर्गत लंबित प्रकरणों का तत्काल निराकरण जैसे कई मुद्दों पर राजस्व कर्मचारियों को कड़े निर्देश दिए गए है।इसी तारतम्य में किसान आई डी निर्माण के लिए हर कृषक को अपने खसरे को समग्र आईडी से लिंक कराना अनिवार्य है। इस संबंध में देवेंद्रनगर तहसीलदार ने आमजन से अपील करते हुए बताया की सभी कृषक अपने खसरे को समग्र आईडी से लिंक आवश्यक रूप से करवाए ताकि पीएम किसान, किसान क्रेडिट कार्ड जैसी अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ अनवरत मिलता रहे एवं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की आगामी किश्त का भुगतान भी समग्र से लैंड पार्सल लिंक होने पर आसानी से हो सकेगा एवं फार्मर आईडी बन जाने पर किसान क्रेडिट कार्ड की राशि के भुगतान का समय घटकर केवल 30 मिनट रह जाएगा। इस प्रक्रिया को संपन्न करने के लिए किसानों को किसी भी नजदीकी ऑनलाइन केंद्रो, सीएससी केंद्रों में अपना खसरा,समग्र आईडी, आधार कार्ड और उससे लिंक मोबाइल ले जाकर लिंक करवाना होगा। तहसीलदार देवेंद्रनगर ने इस प्रक्रिया की अनिवार्यता के साथ ये बताया की एक बार ये प्रक्रिया करवाने के बाद भविष्य में पीएम किसान एवं किसान क्रेडिट कार्ड जैसी योजनाओं के लिए अनावश्यक दस्तावेज लेकर भटकने की जरूरत नहीं होगी।

### सर्प के काटने से वृद्धा सहित युवक की मौत

**कटनी।** सापं के काटने से एक वृद्ध महिला सहित एक युवक की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने कार्यवाही कर मर्ग दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि बरही थाना के खितौली चौकी अंतर्गत आने वाले सलैया सिहोरा निवासी इमरती बाई पति भंडारी भुमिया 58 की सर्प दंश से मौत हो गई। वहीं दूसरे मामले में जिला अस्पताल में सर्पदंश के बाद इलाज करवाने आए युवक की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि युवक विजय सिंह पिता अमान सिंह 42 निवासी मगरपुरा पवई सर्पदंश के बाद इलाज करवाने जिला अस्पताल में भर्ती था। उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मामले में अस्पताल चौकी पुलिस ने मामला दर्ज किया है। गौरतलब है कि बारिश के मौसम में सर्प दंश की घटनाएं बढ़ गई हैं।

### अलग अलग स्थानों से तीन सटोरिये पकड़ाए

**कटनी।** सट्टा पर्ची काटने वाले सटोरियों के विरूद्ध पुलिस द्वारा कार्यवाही की गई है। जिले के अलग अलग थाना क्षेत्र में सट्टा पट्टी के साथ पुलिस ने कुछ लोगों को पकड़ा है। जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना अंतर्गत जगन्नाथ चौक के पास स्थित मसुरहा घाट में शंकर सिंह पिता राममिलन सिंह निवासी नदी पार को पुलिस ने सट्टा पट्टी के साथ पकड़ा है। पुलिस ने आरोपी के पास से 360 रुपए नगर जब्त किए। वहीं उमरियापान थाना अंतर्गत ग्राम पकरिया में पुलिस ने लोचन पटेल निवासी ग्राम पकरिया थाना को एक सट्टा पट्टी नगदी 315 रुपए के साथ पकड़ा है। पुलिस ने मामले कार्रवाई करते हुए मामले को जांच में लिया है। इसी तरह बाकल थाना अंतर्गत राम सिंह लोधी निवासी बाकल को पुलिस दो सट्टा पट्टी, नगदी 350 रूपए के साथ पकड़ा है।

**गायों के लिये गौचर व चरोखर भूमि जो पटवारी हल्का में दर्ज रहती है शासकीय अभिलेखों के अनुसार इनसे अतिक्रमण मुक्त कराने को लेकर एक बड़ी चुनौती**

# जिले में चरोखर भूमि क्या पटवारी हल्कावार चिन्हित कर कलेक्टर के निर्देश के अनुसार अतिक्रमण हटाया जायेगा?

पन्ना

जिले में राजस्व विभाग में शासकीय अभिलेखों में दर्ज गौचर व चरोखर भूमि जो लंबे अर्से से अतिक्रमण की चपेट में है अतिक्रमणकारी कहीं मकान बनाकर तो कहीं स्वयं के उपयोग को लेकर कहीं प्लाटिंग करके बेंचने का कारोबार कर रहे है। इन परिस्थितियों में कलेक्टर सुरेस कुमार की सोच के चलते गायों के लिये गौचर व चरोखर भूमि जो अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराई जानी है यह निश्चित ही चुनौती भरा कार्य है पर पुनीत कार्य भी है। जहां वर्तमान समय में गायों की बात करें तो सबसे ज्यादा परेशानी के दौर से गुजरने का समय कह सकते है। पालक स्वयं गायों को पालते तो है पर स्वार्थ इतना प्रबल हो चुका है कि जब तक दूध मिलता है तब तक गाय को घर में दूध निकालने के लिये रखा जाता है इसके बाद वहीं पालक गायों को विचरण करने के लिये खुला छोड़ रखते है अब सरकार की जिम्मेदारी मानते है आम आदमी की सोच स्वयं ही इस दशा तक पहुंच चुकी है कहने को तो गौ माता पर स्वयं का कर्तव्य किन हालातों में है जो स्वयं विचारणीय है क्या गौ-माता को इस तरह से दर-दर की ठोकरें खाने को लेकर छोड़ना उचित है। समझ से पर जिले में लंबे अर्से के बाद संवेदनशील कलेक्टर सुरेश कुमार जिन्होंने गौ-माता के लिये गौ शालाओं में रखे जाने तथा उनके भोजन को लेकर जो भूमि शासकीय अभिलेखों में गौचर चरोखर नाम से दर्ज है जिसे




अतिक्रमणकारियों ने अतिक्रमण करके अपना बना लिया अब इनसे छुड़ाये जाने को लेकर कलेक्टर की पहल जमीनी तौर पर राजस्व अमले के द्वारा कितनी गंभीरता से पालन कराया जायेगा। यह अपने आप में बड़ा सवाल है क्योंकि जिस तरह से चरोखर व गौचर भूमि में ग्रामीणों द्वारा अपना हक जमा लिया गया है अब उनसे खाली कराना जोखिम भरे हालात तो है ही साथ ही राजनैतिक चहेते लोग भी कहीं न कहीं लोगों के मददगार भी हो सकते है। इन परिस्थितियों के चलते पटवारी हलकावार गौचर व चरोखर भूमि जो गायों के लिये शासकीय अभिलेखों में पहले से व्यवस्था के नाम पर दर्ज है आखिर वह अब समय आ गया भले ही ईश्वर की इच्छा से ही सही जो कलेक्टर पन्ना सुरेश कुमार की सोच इस दिशा में आगे बढ़ी जो गायों के लिये उनकी ही जमीन से व्यवस्था



के नाम पर उनके भोजन के रूप में व्यवस्था चारे पानी को लेकर बनेगी वहीं चरोखर भूमि अब नजदीकी गौशालाओं में गायों की व्यवस्था के काम आयेगी पर जिस तरह से जिले में इस जमीन में लोग पटवारी हल्कावार अतिक्रमण कर चुके है उदाहरण के तौर पर तहसील देवेन्द्रनगर पटवारी हल्का नं0 33 जिला पन्ना के खसरा नं0 01/2 रकवा 3.98 हेक्टर चरोखर एवं खसरा नं0 02/1टू रकवा 3.16 हेक्टर शासकीय अभिलेखों में दर्ज है जो शासकीय भूमि है पर यह उक्त भूमि दबंग लोगों के कब्जे में अतिक्रमण के रूप में जानी जाती है यह मात्र एक उदाहरण है इस तरह से जिले में तहसीलों में हर पटवारी हल्का में गौचर व चरोखर भूमि जो शासकीय अभिलेखों में दर्ज है उस पर लोगों ने अपना ही हक जमाया हुआ है अब यहां इनसे जमीन खाली कराना अपने आप में चुनौती भरा कार्य है। इन परिस्थितियों में कलेक्टर की सोच गौ माता के लिये गौचर भूमि अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराने की पहल जमीनी स्तर पर जमीन को लेकर कितनी कारगर साबित होगी यह तो वक्त ही तय करेगा। अब गौमाता की व्यवस्था को लेकर यह पहल जो जिले में चलाये जाने को लेकर कलेक्टर के प्रयासों से आरंभ होगी वहीं इसमें जनप्रतिनिधियों की सोच किस हद तक साकारात्मक सोच को लेकर सहयोग के रूप में जानी जायेगी यह भी आगे पता चल सकेगा। जिन गौमाताओं के लिये व्यवस्था की जा रही है जो उन्हीं की भूमि है शासकीय अभिलेख भी स्वयं बयां कर रहे है पर अतिक्रमणकारी इस जमीन को अब कैसे छोड़ेंगे वहीं कलेक्टर की मंशा को लेकर मातहत अमला राजस्व विभाग का ही कितनी जिम्मेदारी से अतिक्रमणकारियों से जमीन मुक्त कराने को लेकर कार्य करेंगे जो अपने आप में महत्वपूर्ण है यह भी एक बड़ी जिम्मेदारी का दायित्व है पर सवाल गौमाता के लिये गौमाता की जमीन से जुड़ा है मामला देखना यह है कि वास्तविकता में कितना सहयोग के रूप में सामने आयेगी दास्तां।

**जानकारी देने के बावजूद सतना और पन्ना के जिम्मेदार बने मूक दर्शक**

# खाद्य एवं औषधि विभाग की मिलीभगत से जिले भर में बिक रहा कीड़े और इल्लियों वाला खजुराहो ब्रांड आटा




देवेन्द्रगनर

सतना में स्थित वैष्णव फ्लोर मिल नाम की कंपनी द्वारा खजुराहो ब्रांड नाम से आटा की पैकिंग कर पूरे पन्ना और सतना जिले में सप्लाई की जाती है जो की एफएएसएसएआई से मान्यता प्राप्त भी है लेकिन इस आटे में कीड़े और इल्लियों की शिकायत कई दिनों से आमजन कर रहे है। जिसकी पड़ताल करने के लिए स्थानियों द्वारा खजुराहो ब्रांड के एक 5केजी के पेकेट को लेकर उसे देवेंद्र नगर थाने के थाना प्रभारी के सामने खोला गया और छानने पर सैकड़ो की संख्या में कीड़े और इल्लियां मिली जिसका। बकायदा वीडियो बनाया गया। इसकी सूचना पन्ना और सतना जिले के खाद्य एवम औषधि विभाग के सभी जिम्मेदारों को दी गई, शिकायत की गई लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद भी आज दिनांक तक किसी प्रकार की ठोस कार्यवाही नही किए जाने से ये अमानक आटा आज भी खुले आम पूरे जिले में बिक रहा है जो लोगों को बीमार कर रहा है। पन्ना जिले में पदस्थ खाद्य अधिकारी नीतू खरे को जानकारी देने पर देवेंद्रनगर में उनके सामने भी सैंपल कराया गया जिसमे भी आटे में कीड़े और इल्लियों की पुष्टि हुई पर लेकिन इस लापरवाह और जानलेवा खाद्य पदार्थों का विक्रय करने वालों पर मेहरबान नीतू खरे द्वारा कहा गया को फैक्ट्री पर कार्यवाही का अधिकार मुझे नही है केवल दुकानदार पर कार्यवाही की जा सकती है तो आखिर इक्का दुक्का दुकान दार पर कार्यवाही कर इस अमानक आटे की बिक्री को आखिर कैसे रोका जा सकता है। सूत्रों की माने तो जिले भर से व्यापारियों द्वारा हर महीने एक मोटी रकम बतौर नजराना जिम्मेदारों तक पहुंचाई जाती है इसलिए इस तरह का अमानक खाद्य पूरे जिले भर में खुले आम बिक रहा है और आज तक इन पर कोई कार्यवाही सामने नहीं आई है,अगर ऐसा नही है तो आखिर क्या वजह है की वीडियो साक्ष्य के बावजूद जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारी से भाग रहे है। वहीं सतना जहां ये वैष्णव फ्लोर मिल स्थित है वहां के सीएमएचओ और खाद्य अधिकारी को जानकारी देने पर दोनो के द्वारा फैक्ट्री संचालक को बचाने की कवायद से आज तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है ।आखिर दोनो जिलों के जिम्मेदारों को सारी जानकारी होने के बावजूद कार्यवाही नही हो रही तो कहीं न कहीं इनकी भूमिका संदिग्ध है,अगर ये निक्रिय विभाग ऐसे कार्य करते है तो इस विभाग की आखिर उपयोगिता क्या है?

### इनका कहना है -

मैं सैंपल लेकर दुकानदार पर कार्यवाही कर सकती हूं लेकिन फैक्ट्री सतना में है इसलिए उस पर कोई कार्यवाही नहीं कर सकती।

**नीतू खरे, खाद्य निरीक्षक पन्ना**

मैने नीतू खरे को जांच के लिए निर्देशित किया है,अगर कीड़े इल्लियां आटे में दिख भी रही है तो भी जांच के लिए सैंपल भेजना पड़ेगा,ये प्रक्रिया है जिसे फॉलो करना पड़ेगा,फैक्ट्री सतना में है इसलिए उस पर कार्यवाही नही की जा सकती है। वी एस उपाध्याय, जिला खाद्य एवम चिकित्सा

**अधिकारी पन्ना**

आप मुझे क्यों जानकारी दे रहे है,में आपको खाद्य निरीक्षक का नंबर देता हूं उनको बताइए ये उनका काम है।

**एल के तिवारी**

जिला खाद्य एवम चिकित्सा अधिकारी सतना

आपने जानकारी दी है मैं सैंपल लेकर जांच करता हूं लेकिन बिना वरिष्ठ जनो के निर्देशन के आपके सामने सैंपल नही लिया जा सकता।

**शीतल सिंह, खाद्य निरीक्षक सतना**

आपने जानकारी भेजी थी उसके आधार पर मैने सीएमएचओ पन्ना को कार्यवाही के लिए निर्देश दिए है।

**सुरेश कुमार, जिला कलेक्टर पन्ना**



## अल्पावधि रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण तृतीय दिवस, महाविद्यालय में छात्र/छात्राओं ने की सामूहिक चर्चा

**पन्ना।** स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना भोपाल के अंतर्गत महाविद्यालय के प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ. एस.पी.एस. परमार के नेतृत्व में छत्रसाल शासकीय महाविद्यालय पन्ना में चल रहे अल्पावधि रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम के तृतीय दिवस के पहले सत्र में पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय के व्याख्याता दिनेश कुमार ने विषय समूह चर्चा पर व्याख्यान दिया और छात्र छात्राओं को अलग अलग टॉपिक देकर इसके सकारात्मक व नकारात्मक पहलुओं पर आपस में ही सामूहिक चर्चा कराया और इसके महत्व को भी बताया। दूसरे सत्र में शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज की अतिथि व्याख्याता श्रीमती पूजा खरे ने विद्यार्थियों से स्वयं सीवी बनवाया और विद्यार्थियों द्वारा सीवी बनाते समय होने वाली कठिनाइयों को सही किया। तृतीय सत्र में शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्राचार्य श्री अरविंद कुमार त्रिपाठी ने संप्रेषण कौशल के अंतर्गत संप्रेषण प्रक्रिया को प्रभावित करने वाले तत्वों को बताने के साथ साथ विभिन्न प्रतीकों के माध्यम से संप्रेषण को समझाया। आज के इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. बी. एन. जायसवाल, डॉ. सचिन गोयल, डॉ. नंद कुमार पटेल, डॉ. पुष्पराज सिंह, डॉ. निशांत खरे व अन्य प्राध्यापक साथी उपस्थित रहे।

# ग्राम विकास योजना निर्माण क्रियान्वयन एवं सामाजिक निगरानी पर जल मित्रों का दो दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

***जल मित्रों ने सीखी नियोजन की बारीकी***

**पन्ना।** स्वयं सेवी संस्था समर्थन अजयगढ़ में ग्राम पंचायत शसक्तीकरण के माध्यम से पेयजल एवं सामाजिक सुरक्षा के सम्पूर्णता के लिये काम कर रही है। संस्था विकासखण्ड के 30 ग्राम पंचायत के 60 गांव में काम चालू किया एवं 60 पंचायत मित्र का चयन कर उनका चरणबद्व प्रशिक्षण कर क्षमतावृद्धि किया जा रहा है। स्थानीय स्वाशासन को मजबूत होने से ही लोगो की समस्या का निराकरण स्थानीय स्तर पर हो पायेगा। ग्राम पंचायत आर्थिक रूप से सक्षम होगी तो लोगो के लिये योजना बनाकर काम कर सकेगी। पंचायत मित्र की पहचान एक नागरिक नेता के रूप में पहचान कर पंचायत एवं वंचित सामुदाय को सहयोग एवं मित्र के रूप में सहयोग करने की भूमिका रहेगी। ग्राम विकास योजना निमार्ण पर मुख्य प्रशिक्षक समर्थन संस्था के बरिष्ठ साथी राजकुमार मिश्रा ने चार दिन में 60 पंचायत मित्रो को दो व बैच में प्रशिक्षित किया एवं मुद्दो



की पहाच,प्राथमिकीकरण, प्रपत्र में भरना, योजना की सामाजिक निगरानी, योजना का त्रैमासिक रिव्यू कैसे करना है, कौन सा कार्य पंचायत करेगी कौन जिला एवं जनपद करेगी एवं कोन से कार्य विभाग एवं राज्य के सहयोग से होगे पूरी जानकारी दी। गांव का योजना बनाते समय सभी पंचायत मित्र मजरे टोले एवं 9 थीम पर योजना बनाने के गुन सीखकर पंचायत को वेतर बनाने का काम करने की वात कहते हुए '' हम होंगे कामयाब एक दिन '' गीत गाया एवं ईमानदारी से एक अच्छा नागरिक बने की सपथ ली। प्रशिक्षण में ज्ञानेन्द्र तिवारी, दीपक चौधरी, मीत पटेल,विनीत द्विवेदी, फरीदा बी,लखन लाल शर्मा एवं विकास मिश्रा ने सहयोग प्रदान किया।

# भागवत कथा के आयोजन में बागेश्वर धाम श्री धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री सिमरिया पहुंचे

एक हिंदू एक गाय की सेवा करे गौ-माता आवारा पशुओं की तरह घू रही जिसकी चिंता बाघेश्वर धाम सरकार से पधारे धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने स्वयं जताई तथा हिंदुओं के लिये गौ-माता की सेवा को लेकर दिया संदेश आज हालात गौ-माता के गौ शालाओं में पहुंचाये जाने को लेकर जाने जाते है स्वयं अगर लोग जाग जायें तो गौ माता की सेवा से ही स्वयं का उद्धार की प्रेरणा जो बाघेश्वर धाम के श्री धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री जी ने दिशा दी है वह अपने आप में कल्याण का मार्ग ही माना जा रहा है



**सिमरिया।** श्री धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने पहले गुरुदेव श्री श्री 1008 किशोर दास जू देव महाराज जी के दर्शन किए उनका आशीर्वाद लिया भारी संख्या में भक्तों ने बागेश्वर धाम सरकार श्री धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का फूल मालाओं ढोल नगाड़ा से अभिनंदन किया उसके बाद बागेश्वर धाम सरकार मंडी प्रांगण पहुंचे सिमरिया आसपास के क्षेत्र वासियों की भीड़ बागेश्वर धाम सरकार के दर्शन के लिए उमड़ पड़ी भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा श्री धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के आशीर्वचनों से भक्त मंत्र मुग्ध हो गए जय श्री राम के नारे चारों तरफ गूंजने लगे पत्रकारों को असुविधा न हो इसलिए श्री धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने सभी पत्रकारों को मंच पर बुला लिया पत्रकार द्वारा पूछे गए प्रश्न गौ माता आवारा पशु की तरह घूम रही है श्री धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा वह गौ माता है आवारा पशु नहीं आज गौ माता आवारा घूम रही है उसका निदान है एक हिंदू एक गाय की सेवा करे।

# जिला पंचायत में किया पौधरोपण, अब तक रोपे गए 13 हजार से अधिक पौधे



**पन्ना।** जिला पंचायत कार्यालय परिसर पन्ना में शुक्रवार को पौधारोपण महाअभियान की गतिविधियों के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संघ प्रिय, अतिरिक्त सीईओ अशोक चतुर्वेदी, परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार सहित अन्य उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 20 पौधों का रोपण किया गया। उल्लेखनीय है कि जिले में सतत रूप से पौधारोपण महाअभियान कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। एक पेड़ मां के नाम अभियान में 25 हजार के लक्ष्य के विरूद्ध 18 जुलाई की स्थिति में 13 हजार से अधिक पौधों का रोपण किया जा चुका है। शासन के निर्देशानुसार इस वर्ष भी वर्षाकाल में वृहद स्तर पर पौधरोपण सुनिश्चित कर सुरक्षा के संबंध में निर्देश जारी किए गए हैं। इस अभियान में समाज के सभी वर्ग के लोगों सहित जनप्रतिनिधियों, लोकसेवकों, गणमान्य नागरिकों, मीडिया और स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों से भी पौधरोपण की अपील की गई है। जिला कलेक्टर द्वारा विभागवार पौधरोपण का लक्ष्य निर्धारित कर पौधे रोपने और वायुदूत (अंकुर) एप पर फोटो अपलोड करने के निर्देश जारी किए गए हैं। आम नागरिक भी प्रकृति के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए पौधरोपण कार्यक्रम में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर सकते हैं। इसके लिए एप पर पंजीयन कराना होगा तथा पौधरोपण के पश्चात एप पर फोटो अपलोड करना होगी। लिंक अथवा स्कैन के जरिए भी एप का उपयोग किया जा सकता है। वृक्षारोपण महाअभियान में जिले में अब तक सर्वाधिक आंवला के पौधे रोपे गए हैं। इसी तरह महुआ, कचनार, अमलतास, बरगद, इमली, बेर, गुलमोहर, पीपल, अचार, करंज, शीशम, अशोक, नीम, सागौन, आम और अन्य प्रजातियों के पौधों का रोपण भी किया गया है। पौधों के रोपण के बाद लिंक अथवा बार कोड के जरिए भी एप का उपयोग कर फोटो अपलोड कर सकते हैं।

# 100 डायल पुलिस की सेवा अपने आप में मदद को लेकर स्वयं ही बयां करती है हालात दुख की घड़ी में पुलिस ही बनती है मददगार

04 वर्षीय बालक रास्ता भटक जाने के कारण हो गया था गुम अंततः पुलिस ने निभाई जिम्मेदारी परिजनों को सोंपा उनका बालक स्वयं पुलिस की भूमिका को लेकर परिजन ही कर सकते है बयां

### डायल-100 वाहन द्वारा गुमे हुए 4 वर्षीय बालक को 4 घन्टे के अन्दर दस्तयाव कर परिजनों को सुपुर्द किया गया



**पन्ना।** थाना कोतवाली पन्ना के क्षेत्रान्तर्गत बेनी सागर तिराहे के पास एक 04 वर्षीय बालक मिला है, जो घर का रास्ता भटक गया है, पुलिस सहायता की आवश्यकता थी, सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-100 भोपाल में दिनाँक 19-07-2024 को प्राप्त हुई थी। सूचना प्राप्त होने पर तत्काल कोतवाली थाना क्षेत्र में तैनात डायल-100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल- 100 स्टाफ आरक्षक वीरेंद्र पाठक एवं पायलट जितेंद्र रैकवार ने मौके पर पहुँचकर बालक को संरक्षण मे लिया। इस तरह से जरूरत के समय पुलिस जो डायल- 100 स्टाफ ने बालक साकिर को एफ़.आर.व्ही. वाहन से साथ लेकर आसपास परिजन की तलाश एवं पूछताछ करने पर कोई जानकारी नहीं मिलने पर बालक को एफ़.आर.व्ही वाहन से थाने लेकर आए। कुछ देर बाद बच्चे के पिता यूनुस खान उसे ढूँढते हुए थाने आए। जिन्हे बालक द्वारा पहचान व सत्यापन उपरांत उनके परिजन के सुपुर्द किया। इससे एक बिछड़ा हुआ बालक जो अपने परिजनों से मिल सका यहां पुलिस की भूमिका स्वयं ही बयां कर रही है। किस तरह से जिम्मेदारी का निर्वाहन पुलिस के द्वारा किया जा रहा है दुख की घड़ी में पुलिस ही सहारा बनकर मददगार के रूप में जिम्मेदारी का निर्वाहन करती है जिनके कर्तव्य से स्वयं ही बयां हो रहा है।

### खबर संक्षेप

## पुलिस ने व्यापारियों को दी नसीहत



**छतरपुर।** पिछले दिनों एसपी और चौक बाजार क्षेत्र के व्यापारियों के बीच हुए जनसंवाद कार्यक्रम में अतिक्रमण को मुख्य मुद्दा बताया गया था। इसी के चलते शुक्रवार को नगर पालिका एवं कोतवाली पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से भ्रमण कर व्यापारियों को समझाइश देकर सड़क पर रखे उनके सामान को अंदर करवाया। सिटी कोतवाली टीआई अरविंद कुजूर ने बताया कि जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान व्यापारियों ने पुलिस अधीक्षक को व्यस्ततम इलाके बाजार क्षेत्र में अतिक्रमण की समस्या बताई गई थी जिसे एसपी द्वारा गंभीरता से लिया गया था। इसी के चलते शुक्रवार को नपा एवं पुलिस टीम द्वारा चौक बाजार, गल्लामण्डी, रामगली बजरिया एवं गोवर्धन टॉकीज तक भ्रमण करते हुए व्यापारियों को समझाइश दी गई वे सड़कों पर अतिक्रमण न कर अपना सामान दुकान के अंदर ही रखें अन्यथा की स्थिति में चालानी कार्यवाही की जाएगी। वहीं बजरिया में कई व्यापारियों ने नगर पालिका की टीम पर द्वेषपूर्ण कार्यवाही करने के आरोप भी लगाए। उनका कहना है कि नगर पालिका के कर्मचारियों द्वारा अतिक्रमण हटाने के नाम पर भेदभावपूर्ण कार्यवाही की जाती है।

## पत्नि के गम में पति ने लगाई फांसी



**बमीठा।** बमीठा थाना क्षेत्र के ग्राम हरपुरा में रहने वाले एक युवक ने पारिवारिक विवाद के चलते बीते रोज फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की है। जानकारी के अनुसार ग्राम हरपुरा का रहने वाला भगवानदास पुत्र रम्मू कुशवाहा 33 वर्ष का 17 जुलाई को उसकी पत्नि से विवाद हो गया था। विवाद के बाद उसकी पत्नि मायके चली गई थी जिसे लाने के लिए भगवानदास 18 जुलाई को ससुराल गया लेकिन ससुराल पक्ष ने उसकी पत्नि को भेजने से मना कर दिया। भगवानदास अपने बड़े बेटे को लेकर वापस हरपुरा आ गया। पत्नि के वापस न आने का गम भगवानदास से सहन नहीं हुआ और शाम के समय घर में उसने बच्चे को गेम खेलने के लिए मोबाइल दिया और अंदर जाकर दरवाजा बंद किया और फांसी लगा ली। जब तक घर के सदस्य दरवाजा तोड़कर अंदर गए तब तक भगवानदास की मौत हो चुकी थी। भगवानदास अपने पीछे दो बच्चे एक बच्ची छोड़ गया है। बमीठा थाना के एसआई हरदेव सिंह ने मौके पर जाकर शव का पंचनामा बनाते हुए शव पीएम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

### नपा ने अवैध वसूली की जांच के लिए 4 सदस्यीय कमेटी बनाई, रिपोर्ट सीएमओ को सौंपेगी

# नपा के कर्मचारियों पर प्राइवेट व्यक्तियों से वसूली कराने के आरोपों ने पकड़ा तूल

**नौगांव।** नगर पालिका कर्मचारियों के ऊपर प्राइवेट कर्मचारियों से अवैध वसूली कराने के आरोपों पर प्रकाशित समाचार के बाद मामले ने तूल पकड़ा तो नपा सीएमओ ने मामले की जांच के लिए एक चार सदस्यीय कमेटी का गठन किया है। जांच दल शिकायतकर्ताओं सहित अन्य लोगों से मिलकर उनके बयान दर्ज करते हुए वसूली में उपयोग की जाने वाली पावती का भी मिलान कर अपनी रिपोर्ट सीएमओ को सौंपेगी, जांच रिपोर्ट आने के बाद ही अवैध वसूली के लग रहे आरोपों से पर्दा उठ सकेगा। बीते वर्ष तत्कालीन सीएम शिवराज सिंह चौहान ने रेहड़ी सहित फुटकर दुकान लगाकर अपना रोजगार का व्यापार करने वाले लोगों को राहत देते हुए बाजार बैठकी का ठेका बंद करने के आदेश दिए थे। नपा प्रशासन ने सीएम के आदेश का पालन करते हुए तत्कालीन ठेकेदार का ठेका निरस्त कर दिया था। जिसके बाद से दुकानदारों को लगने वाले कर से राहत मिल गई। बीती फरवरी महीने नपा ने प्रावधान करते हुए बाजार बैठकी के स्थान पर अन्य ठेका एवं वाहनों से उपभोक्ता प्रभार शुल्क वसूली के लिए अलग अलग दो टेंडर जारी किए, लेकिन टेंडर खुलने से पहले से ही लोकसभा चुनाव के लिए मार्च में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई, जिस कारण से 04 टेंडर नहीं हो सके। दूसरी तरफ 01 अप्रैल से नया वित्तीय वर्ष शुरू होने के कारण और ठेका न होने के कारण नपा ने दोनों ठेके की राशि वसूली के लिए अपने कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई। निश्चित समय समय समय पर कर्मचारियों की ड्यूटी में परिवर्तन होता रहा। बीते दिनों बस स्टैंड में ई रिक्शा का संचालन करने वाले दो दर्जन से अधिक चालकों ने नपा कर्मचारियों के स्थान पर प्राइवेट वसूली करने के आरोप लगाते हुए सीएमओ और पुलिस थाना को शिकायती आवेदन सौंपा। जिसमें चालकों ने बस स्टैंड शुल्क के नाम पर नगर पालिका कर्मचारियों के स्थान पर प्राइवेट व्यक्ति राजा सिंह, राजू गुप्ता, शहजादे, अजमेरी के द्वारा तय दर से अधिक अवैध वसूली करने एवं न देने पर गाली गलौज करने और मारपीट भी करने के आरोप लगाए थे। शिकायती आवेदन पर सीएमओ और पुलिस के द्वारा कार्रवाई न करने पर ई रिक्शा चालकों ने एकत्रित होकर मंगलवार को एसडीएम कार्यालय पहुंचकर शिकायती आवेदन सौंपते हुए कार्रवाई की मांग की गई।

### सीएमओ, पुलिस थाना और एसडीएम के पास शिकायत के बाद बनी जांच कमेटी -

ई रिक्शा चालकों से नपा के कर्मचारियों द्वारा प्राइवेट कर्मचारियों से अवैध वसूली करने के आरोपों के मामले में नगर पालिका और पुलिस में शिकायत के बाद कोई कार्रवाई नहीं हुई तो गुस्साए रिक्शा चालकों ने बस स्टैंड से नपा और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी और विरोध प्रदर्शन करते हुए तहसील के अंदर तक पहुंच गए प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। जिससे तहसील प्रशासन ने पुलिस बुलाकर समझाइस देकर पहले तो बाहर किया, फिर इसके बाद ई रिक्शा चालकों ने एसडीएम विशा माधवानी को सौंपा। अब नगर पालिका ने तीनों शिकायत पर एक जांच कमेटी का गठन किया है।

### अवैध वसूली के आरोप में चार सदस्यीय जांच कमेटी अपनी रिपोर्ट सौंपेगी -

ई रिक्शा चालकों की शिकायत पर सीएमओ नीतू सिंह ने उपयंत्री आलोक जायसवाल, अकाउंटेंट ऋचा आर्य, राजस्व उप निरीक्षक विश्वजीत सिंह चौहान, अतिक्रमण प्रभारी सुनील यादव की एक संयुक्त जांच कमेटी का गठन किया है। जांच कमेटी ने शुक्रवार की दोपहर बस स्टैंड पहुंचकर ई रिक्शा चालकों से बात करते हुए लगभग आधा दर्जन से अधिक लोगों के बयान दर्ज किए, तो वहीं जांच कमेटी के सदस्यों ने रिक्शा चालकों के पास से मिली वसूली की पावती रशीदें भी जप्त की है। जांच कमेटी के सदस्य राजस्व उपनिरीक्षक विश्वजीत सिंह चौहान के अनुसार जांच पूरी होने के बाद सीएमओ के पास प्रेषित की जाएगी। अभी जांच चल रही है, जांच पूरी होने के बाद संयुक्त जांच दल अपनी रिपोर्ट सीएमओ को सौंप देंगे।

## सड़क पर खड़ी गाय से टकराया बाइक सवार युवक हुआ घायल



**छतरपुर।** जिला मुख्यालय से अपने गांव की ओर जाने के दौरान एक बाइक सवार युवक सड़क पर खड़ी गाय से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घटना के बाद घायल युवक को जिला अस्पताल लाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक सटई क्षेत्र के ग्राम सिमरिया का रहने वाला 38 वर्षीय लखन पुत्र ग्याप्रसाद जोशी किसी काम से छतरपुर आया था। काम खत्म होने के बाद रात करीब 9 बजे वह वापिस अपने गांव जा रहा था तभी सटई के पास उसकी बाइक सड़क पर खड़ी गाय से टकरा गई और लखन जमीन पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गया। घटना की जानकारी लखन ने अपने सटई निवासी रिश्तेदार को दी जिसके बाद रिश्तेदार उसे लेकर जिला अस्पताल आया। फिलहाल जिला अस्पताल में लखन का इलाज जारी है।

## 4 युवकों ने नाबालिग पर किया कुल्हाड़ी से हमला



**छतरपुर।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ग्राम गठवेरा में एक नाबालिग लड़के के ऊपर गांव के ही 4 युवकों ने अज्ञात कारणों के चलते कुल्हाड़ी से हमला कर उसे लहूलुहान कर दिया और मौके से फरार हो गए। घटना के बाद घायल के परिजन उसे जिला अस्पताल लाए, जहां उसका इलाज किया जा रहा है। गठेवरा निवासी 17 वर्षीय रवि राजा पुत्र शैलेन्द्र सिंह बुंदेला ने बताया कि बीती शाम गांव का चाहत राजा बुंदेला अपने तीन साथियों के साथ उसके पास आया और उसे खेतों की ओर ले जाकर उसके ऊपर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। कुल्हाड़ी के प्रहार से जब वह लहुलुहान हो गया तो सभी आरोपी उसे छोड़कर भाग गए। किसी तरह रवि अपने घर पहुंचा, जहां से परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर आए। रवि राजा ने बताया कि आरोपियों से उसका किसी तरह का विवाद नहीं है। आरोपियों ने उस पर हमला क्यों किया, इसकी वजह उसे भी नहीं पता। घटना की शिकायत थाने में की गई है, जिसके बाद पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

## जनता को मिलना चाहिए हर जीत का श्रेयः डॉ. वीरेन्द्र कुमार



### केन्द्रीय मंत्री ने किया सर्व समाज के प्रतिनिधियों का सम्मान

**छतरपुर।** टीकमगढ़-छतरपुर संसदीय सीट से लोकसभा चुनाव में विजयी होकर केन्द्र सरकार में मंत्री बनने के बाद सांसद डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने सभी समाजों के प्रतिनिधियों का सम्मान करने का निर्णय लिया है। इसी क्रम में शुक्रवार को जिला मुख्यालय के एक निजी होटल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सर्वसमाज के प्रतिनिधियों को आमंत्रित कर डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने उन्हें मंच से सम्मानित किया, साथ ही उपस्थित लोगों के ऊपर अपने हाथों से उन्होंने पुष्पवर्षा भी की।
कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि लोकसभा चुनाव में सभी समाजों से उन्हें भरपूर स्नेह और आशीर्वाद मिला, जिसके लिए मैं सदैव आपका ऋणी रहूंगा। उन्होंने कहा कि राजनीति में नेता की हर जीत का श्रेय जनता को मिलना चाहिए, इसी मंशा के साथ आज इस सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि समाज में यह धारणा है कि नेता सिर्फ चुनाव के समय ही जनता को याद करते हैं लेकिन मैं उन जनप्रतिनिधियों की तरह नहीं हूं, मैं अपने पूरे कार्यकाल में जनता को याद करता हूं। जिनसे मैं चुनाव के दौरान मिला, उनसे मैं लगातार संपर्क में रहूंगा और हर समाज की समस्याओं का समाधान कराना मेरा दायित्व रहेगा। जिस जनता ने मुझे लगातार आठवीं बार आशीर्वाद दिया है उस जनता के लिए मैं सदैव उपलब्ध हूं। सर्वसमाज के प्रतिनिधियों का सम्मान करने के बाद डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि अपने लोगों से मिलने के बाद मुझे आत्मीय प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है। इस अवसर पर पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह, उपेन्द्र प्रताप सिंह लकी सहित भाजपा के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## तेज रफ्तार कार ने बाइक को मारी टक्कर, मां-बेटा घायल



**छतरपुर।** राजनगर थाना क्षेत्र के विक्रमपुर मार्ग पर नदया तिगैला के समीप एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाइक पर सवार महिला और उसका पुत्र घायल हो गया। घटना के बाद कार चालक मौके से भाग निकला।
आसपास के लोगों की मदद से दोनों घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। ग्राम उदयपुरा निवासी 21 वर्षीय आशीष पुत्र लोकनाथ पटेल ने बताया कि वह अपनी 40 वर्षीय मां रामकुंवर पटेल के साथ विक्रमपुर से अपने गांव की ओर जा रहा था तभी नदया तिगैला पर तेज रफ्तार बोलेरो कार क्रमांक एमपी 16 सी 5591 ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से आशीष और उसकी मां जमीन पर गिरकर घायल हो गए। वहीं कार चालक मौके से भाग निकला। स्थानीय लोगों की मदद से आशीष और रामकुंवर को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज किया जा रहा है। दुर्घटना में आशीष का पैर फ्रैक्चर हुआ है, जबकि उसकी मां को गंभीर चोटें आई हैं।

### मृतक के साढ़ूऔर उसके साथी को किया गिरफ्तार

## ईशानगर में हुई हत्या का पुलिस ने किया खुलासा



**छतरपुर।** गुरूवार को थाना ईशानगर क्षेत्र के रामपुर रेलवे स्टेशन के पास एक मृत शरीर की सूचना प्राप्त हुई थी। थाना ईशानगर पुलिस मौके पर पहुंची, शव की शिनाख्तगी मृतक गणेश कुशवाहा उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम रामपुर की पत्नी द्वारा की गई। पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने घटना की गंभीरता को देखते हुए शीघ्र हत्या का खुलासा कर आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया। शुक्रवार को एएसपी विक्रम सिंह ने पुलिस कंट्रोल में हत्या का खुलासा किया है।थाना प्रभारी ईशानगर उप निरीक्षक किशोर पटेल एवं पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल एवं संबंधित स्थान का बारीकी से निरीक्षण कर शव पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया। मृतक की पत्नी के कथनों, एकत्रित भौतिक एवं तकनीकी साक्ष्य के अनुसार थाना ईशानगर में भारतीय न्याय संहिता के तहत हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों की तलाश की जा रही थी।विवेचना के दौरान एकत्रित साक्ष्य अनुसार हत्या की घटना में सम्मिलित मृतक के साढ़ू सोनू उर्फ हरिश्चंद्र कुशवाहा निवासी सनसिटी के पास छतरपुर को अभिरक्षा में लिया गया। संदेही ने डंडे से मारपीट कर हत्या करना स्वीकार किया, हत्या का कारण मृतक की पत्नी जो उसकी साली है, की इच्छा के बगैर एक तरफा संपर्क बनाना चाहता था, इस बात का मृतक की पत्नी द्वारा विरोध भी किया गया था। पति उसमें आड़े आ रहा था, इस कारण से आरोपी सोनू उर्फ हरिश्चंद्र कुशवाहा ने अपने साथी संतोष उर्फ संतु रजक के साथ मिलकर मृतक गणेश कुशवाहा की हत्या की थी। अभियुक्त के पास से घटना में प्रयुक्त डंडा व मोटरसाइकिल बॉक्सर जप्त की गई। विवेचना कार्यवाही जारी है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी ईशानगर उप निरी किशोर पटेल, थाना प्रभारी सटई उपनिरीक्षक दीपक यादव, चौकी प्रभारी पड़रिया उप निरीक्षक कुलदीप सिंह जादौन, सहायक उप निरीक्षक बीडी राजपूत, प्र आर रतिराम, संतोष अहिरवार, जगवेन्द्र सिंह, आर सतीश यादव, आबिद, नरेंद्र प्रजापति, अनूप यादव व साइबर टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## सोशल मीडिया पर फिर वायरल हुआ अवैध हथियार का वीडियो

**महाराजपुर।** लोगों में अपनी धाक जमाने की मंशा से अपराधिक तत्वों द्वारा सोशल मीडिया पर हथियारों के वीडियो डाले जा रहे हैं। महाराजपुर क्षेत्र में इसी तरह का एक वीडियो वायरल हुआ है, जो लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है। हालांकि पुलिस को इस वीडियो के बारे में अभी तक कोई जानकारी नहीं है और वीडियो की सत्यता की भी अभी पुष्टि नहीं हुई है।सूत्रों की मानें तो यह वीडियो महाराजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सैला का है, जिसे आदित्य पाटीदार उर्फ निरपत पटेल द्वारा अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शुक्रवार की सुबह 10 बजे डाला गया है। वीडियो में अज्ञात शख्स हाथ में कट्टा और कारतूस लिए दिखाई दे रहा है। यह वीडियो क्षेत्र में दहशत कायम करने के उद्देश्य से सोशल मीडिया पर डाले जाने की बात सामने आ रही है। हालांकि वीडियो की सत्यता की पुष्टि अभी नहीं हुई है क्योंकि वीडियो में किसी का भी चेहरा दिखाई नहीं दे रहा है। इस मामले में महाराजपुर थाना प्रभारी सुरभी शर्मा का कहना है कि उन्हें अभी तक वीडियो के संबंध में किसी तरह की शिकायत अथवा वीडियो नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि वे मामले को संज्ञान में लेकर जांच करेंगी और संबंधित के विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## नृत्यांगना ने पुलिस अधीक्षक से की छेड़छाड़ की शिकायत



**छतरपुर।** शुक्रवार को राई नृत्यांगना ने पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर उसके साथ छेड़छाड़ एवं मारपीट करने की शिकायत की है। आवेदिका ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत देकर बताया कि वह ललितपुर जिले के ग्राम मड़वारा की निवासी है और वह समारोहों में राई नृत्य करती है। उसने बताया कि 15 जुलाई को वह शादी समारोह में राई नृत्य करने के लिए ग्राम चरखारीखेरा थाना भगवां आई थी जहां नृत्य के दौरान गांव के ही सुख्खी उर्फ देशराज लोधी द्वारा उसके साथ अश्लील हरकतें करते हुए छेड़छाड़ की गई। मना करने पर आवेदिका के साथ गाली-गलौच कर दी उसे बचाने आयी उसकी मौसी को भी गालियां देकर उनके साथ मारपीट कर दी। आवेदिका ने बताया कि भगवां थाना में उसके बताए अनुसार शिकायत दर्ज नहीं की गई है। जब आवेदिका डॉक्टरी परीक्षण के लिए जा रही थी तब भी देशराज द्वारा उसके साथ अभद्रता की गई। आवेदिका ने एसपी से न्याय की गुहार लगाते हुए आरोपी पर कार्यवाही की मांग की है।

### निकले आदतन अपराधी, 32 हजार जब्त

## जुए के फड़ पर पुलिस ने दी दबिश, 4 जुआरी पकड़े

**लवकुशनगर।** थाना क्षेत्र के ग्राम प्रतापपुर रोड पर बीती रात पुलिस ने रात्रि पेट्रोलिंग के दौरान दो आदतन अपराधियों सहित 4 जुआरियों को पकडऩे की कार्रवाई की है। पुलिस को जुआरियों के पास नगदी और ताश की गड्डी मिली जिसे जब्त कर लिया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रशांत सेन ने बताया कि रात्रि रोड पेट्रोलिंग के दौरान करीब 1 बजे प्रतापपुरा रोड पर आईटीआई कॉलेज के सामने कुछ लोग दिखाई दिए जिसके बाद पुलिस टीम गोपनीय तरीके से उनके पास पहुंची। पास जाने पर ज्ञात हुआ कि उक्त लोग स्ट्रीट लाइट के नीचे जुआ खेल रहे हैं।



पुलिस ने घेराबंदी कर 4 आरोपियों को दबोचकर उनके कब्जे से 32 हजार 100 रुपये की नगदी और ताश की गड्डी जब्त की।

पकड़े गए जुआरियों ने अपने नाम पप्पू उर्फ आशिक पुत्र बसीर मोहम्मद, जीतू पुत्र रामआसरे दोनों निवासी लवकुशनगर, सोहन सिंह पुत्र गजराज सिंह ठाकुर निवासी ग्राम सिजई और लोकेंद्र सिंह पुत्र मीरा सिंह ठाकुर निवासी मुड़ेरी बताए। थाना प्रभारी ने बताया कि पप्पू उर्फ आशिक खान क्षेत्र का आदतन अपराधी है, जिसके विरुद्ध अवैध शराब, मारपीट, अवैध हथियार, जुआ के 4 अपराध एवं लोकेंद्र सिंह के विरुद्ध अवैध शराब संबंधी अपराध पूर्व से दर्ज हैं। उक्त सभी के विरुद्ध जुआ एक्ट में अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत कार्यवाही की गई है।

## जय जय सरकार की कथा में सिमरिया पहुंचे बागेश्वर महाराज



**छतरपुर।** पन्ना जिले के ग्राम सिमरिया में वृंदावन धाम स्थित गोरीलाल कुंज के महंत पूज्य किशोरदास महाराज की भक्तमाल की कथा चल रही है। सिमरिया में पांच दिवसीय गुरूपूर्णिमा महोत्सव के अंतर्गत यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। शुक्रवार को गोरीलाल कुंज के महंत जय जय सरकार की कथा में बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री पहुंचे। उन्होंने जय जय सरकार का आशीर्वाद लिया। सिमरिया पहुंचे बागेश्वर पीठाधीश्वर ने कहा कि हमारा देश भले ही साधनों के अभाव में जी रहा हो लेकिन यहां की साधना विश्व भर में अतुलनीय है। उन्होंने कहा कि कार्य पर विचार करें और सनातन का प्रचार करें। उन्होंने यह भी कहा कि जय जय सरकार ऐसे रसिकाचार्य हैं जो मानसी सेवा में ठाकुर जी के समीप तक चले जाते हैं। महाराजश्री दोपहर में सिमरिया पहुंचे थे उनके दर्शन के लिए बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए। उधर जय जय सरकार ने अपने आशीर्वचन देते हुए कहा कि सनातनी को अपने गले में तुलसी की माला और मस्तक पर चंदन रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र का परम सौभाग्य है कि यहां संत वृंद आकर दर्शन दे रहे हैं। जय जय सरकार ने बागेश्वर महाराज का आत्मीय स्वागत किया और उनका अभिनंदन किया।

## बागेश्वर धाम में शुरू हुआ तीन दिवसीय श्री हनुमत महायज्ञ



**छतरपुर।** बागेश्वर धाम में गुरूपूर्णिमा महोत्सव चल रहा है। पांच दिवसीय महोत्सव के दूसरे दिन से श्री हनुमत महायज्ञ शुरू हो गया। क्षेत्र की खुशहाली, पर्याप्त बारिश होने और लोगों के दुख दूर किए जाने की कामना लेकर यह यज्ञ शुरू हुआ है। गुरूपूर्णिमा के दिन यज्ञ की पूर्णाहुति होगी। यज्ञाचार्य राजा पाण्डेय बनारस ने बताया कि तीन दिनों तक श्री हनुमत महायज्ञ के माध्यम से क्षेत्र और देश की खुशहाली के लिए आहूतियां दी जाएंगी। वैदिक मंत्रोच्चार और विधिविधान के साथ अग्नि प्रज्जवलित करते हुए यज्ञ शुरू किया गया। बागेश्वर धाम में इस समय पांच दिवसीय गुरू पूर्णिमा महोत्सव चल रहा है। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को करीब एक हजार लोगों को दीक्षा दी गई। शनिवार से पादुका पूजन और गुरू दर्शन का कार्यक्रम प्रारंभ होगा। यह कार्यक्रम 22 जुलाई तक चलेगा।

## एनटीपीसी विंध्याचल में 581वीं संचालन समन्वय समिति की बैठक का आयोजन



**सिंगरौली।** राष्ट्र के विशालतम विद्युत संयंत्र एनटीपीसी विंध्याचल में 581वीं संचालन समन्वय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। संचालन समन्वय समिति बैठक का मुख्य उद्देश्य बिजली उत्पादन, मांग और आपूर्ति की स्थिति, ट्रांसमिशन लाइनों के आउटेज और जनरेटिंग इकाइयों से संबंधित विभिन्न तकनीकी मुद्दों पर चर्चा करना था। सदस्य सचिव (डब्ल्यूआरपीसी) श्री दीपक कुमार, एनटीपीसी विंध्याचल के कार्यकारी निदेशक श्री ई सत्य फणि कुमार, मुख्य महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण) श्री समीर शर्मा, एनटीपीसी विंध्याचल के अन्य महाप्रबंधकगण, विभागाध्यक्ष, एमपी एसएलडीसी (MP-SLDC), पीजीसीआईएल, डब्लूआरपीसी और डब्ल्यूआर-1 हेडक्वार्टर (WR-1) के अधिकारी, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, छत्तीसगढ़ के लाभार्थी प्रतिनिधि, एनटीपीसी पश्चिमी क्षेत्र प्रथम स्टेशन के प्रतिनिधियों के साथ-साथ विभिन्न हितधारकों ने बैठक में भाग लिया तथा विभिन्न तकनीकी विषयों पर विचार-विमर्श किया। बैठक के बाद संचालन समन्वय समिति के सदस्यों ने विंध्याचल संयंत्र का भ्रमण किया। बैठक के समापन अवसर पर सदस्य सचिव (डब्ल्यूआरपीसी) श्री दीपक कुमार ने अपने विचार व्यक्त करते हुए एनटीपीसी विंध्याचल में आयोजित बैठक की सराहना की तथा सभी हितधारकों को उचित परामर्श दिया। सायंकाल सभी ओसीसी प्रतिनिधियों के सम्मान में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एनटीपीसी विंध्याचल परिवार के साथ जुड़े हितधारकों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम एक यादगार साबित रहा।

## खबर संक्षेप

### मत्स्याखेट 15 अगस्त तक प्रतिबंधित

रीवा ! वर्षा ऋतु में मछलियों की वंशवृद्धि के उद्देश्य से उन्हें संरक्षण देने हेतु जिले के सभी जल संसाधनों में 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि में मत्स्याखेट प्रतिबंधित किया गया है। कलेक्टर ने मत्स्योद्योग निगम की 1972 की धारा (2) के तहत उक्त अवधि को क्लोज सीजन घोषित करते हुए आमजन से अपेक्षा की है कि इस अवधि में किसी भी प्रकार का मत्स्याखेट न करें और न ही इस कार्य में अन्य को सहयोग दें। नियमों के उल्लंघन पर एक वर्ष का कारावास या पांच हजार रूपये का जुर्माना या दोनों से दंडित किये जाने का प्रावधान है। छोटे तालाब या अन्य स्त्रोत जिनका कोई संबंध किसी नदी या नाले से नहीं है उनके लिये उक्त नियम लागू नहीं होंगे।

### पीएम किसान सम्मान निधि योजना पटवारी छूटे हुए किसानों की ईकेवाईसी तत्काल करें - कलेक्टर

रीवा ! प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि तथा मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि से किसानों को अब हर वर्ष 12 हजार रुपए की राशि उनके बैंक खाते में प्राप्त हो रही है। किसानों को राशि प्राप्त करने के लिए अपने बैंक खाते में आधार संख्या दर्ज कराना तथा बैंक खाते को डीबीटी कराना आवश्यक है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने सभी पटवारियों को इस संबंध में निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि पटवारी छूटे हुए किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ देने के लिए उनकी आधार संबंधी जानकारी प्राप्त कर तत्काल ई केवाईसी करें। सभी पटवारियों को ऐसे किसानों की सूची प्रदान की गई है। किसान पटवारियों को आधार संख्या की जानकारी प्रदान करके ई केवाईसी में सहयोग करें। अग्रणी बैंक प्रबंधक सभी बैंक शाखा प्रबंधकों के माध्यम से किसानों के खाते डीबीटी कराएं। जिससे किसानों को किसान सम्मान निधि की राशि प्राप्त हो सके।

### नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन

रीवा ! जिले में नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम के तहत 15 अगस्त तक विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के निर्देशन में जिले में हायर सेकेण्डरी, कालेज स्तर पर एवं जन सामान्य को नशीली दवाओं व नशे के दुष्परिणाम से अवगत कराने हेतु जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रमों की श्रृखला में 20 जुलाई को ग्राम सभाओं में नशामुक्ति की शपथ दिलाने, खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन करने के साथ ही 23 जुलाई को वन विभाग द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इसी प्रकार 25 जुलाई को योग एवं ध्यान कार्यक्रमों का आयोजन तथा 29 जुलाई को पुलिस विभाग द्वारा नशामुक्ति के पैम्पलेट्स का वितरण किया जायेगा।

### विभिन्न मांगों को लेकर पटवारी संघ ने दिया स्मरण पत्र

मऊगंज* जिला पटवारी संघ द्वारा प्रदेश मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर स्मरण पत्र सौंपते हुए पूर्व में किए गए वादों को याद दिलाते हुए अपनी मांगों को पूरा करने की बात कही है ज्ञात हो कि विधानसभा चुनाव के पूर्व प्रदेश के पूरे पटवारीयों द्वारा अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया था उस समय के तत्कालीन राजस्व मंत्री और प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा मांगों को मानते हुए आश्वासन दिया गया था लेकिन वह आश्वासन आज तक पूरा नहीं हुआ विधानसभा चुनाव के उपरांत प्रदेश सरकार द्वारा राजस्व महा अभियान 1.0 चलाया गया जिसमें दिए गए लक्ष्य को पटवारियों द्वारा पूरा किया गया लेकिन प्रदेश सरकार द्वारा पटवारियों की मांगों को आज तक पूरा नहीं कर सकी किन्तु फिर एक बार राजस्व में अभियान 2.0 की शुरुआत कर दी गई है 31अगस्त तक चलने वाले इस अभियान से प्रदेश में करोड़ों राजस्व के मामले को निपटने का लक्ष्य रखा गया है मुख्यमंत्री मोहन यादव एवं राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा के निर्देश पर प्रदेश भर के राजस्व अधिकारी 31अगस्त तक अबिवादित नामांकन बटवारा और सीमांकन के प्रकरणों का निराकरण इस विशेष अभियान के दौरान करेंगे स्मरण पत्र में कहा गया है कि सरकार हमारी भी मांगे पूरी करें।

---

**राजस्व महाअभियान में हर हल्के में हर सप्ताह तीन दिन शिविर लगेंगे**

# अभिलेख सुधार तथा ईकेवाईसी के सभी प्रकरण 29 जुलाई तक निराकृत करें

**रीवा।** कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने राजस्व महाअभियान के तैयारियों की समीक्षा की। कलेक्टर ने हुजूर तथा गुढ़ तहसील के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अभियान के तहत प्रत्येक पटवारी हल्के में सप्ताह में तीन दिन शिविर लगाकर बी-1 का वाचन करके फौती नामांतरण के प्रकरण दर्ज करें। नक्शा तरमीम तथा अभिलेख में सुधार के सभी प्रकरण शिविर में मौके पर सुनवाई कर निराकृत करें। किसान सम्मान निधि में ई केवाईसी तथा आधार सीडिंग के सभी लंबित प्रकरण 29 जुलाई तक अनिवार्य रूप से निराकृत करें। स्वामित्व योजना में जिन गांवों में ड्रोन सर्वे हो चुका है वहाँ के नक्शों की शत-प्रतिशत ग्राउण्ड टुथिंग करके 10 अगस्त तक प्रकरण निराकृत कराकर पात्र हितग्राहियों के भू अधिकार पत्र तैयार करें। इनका वितरण 15 अगस्त तक सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि राजस्व न्यायालयों में प्रकरणों की सुनवाई करते हुए सभी पीठासीन अधिकारी अपने अधिकारिता का ध्यान रखें। सभी पीठासीन अधिकारी, राजस्व प्रकरण की सुनवाई के बाद ऑर्डर शीट सोच-समझकर लिखें। इनमें किसी भी तरह की गलती होने पर पीठासीन अधिकारी पर ही कार्यवाही होगी। अभिलेख सुधार और नक्शा तरमीम के प्रकरण बड़ी संख्या में लंबित हैं। राजस्व महाअभियान में इनका शत-प्रतिशत निराकरण करें। अविवादित नामांतरण के प्रकरण लोक सेवा गारंटी में तय की गई तीस दिन की समय सीमा में निराकृत करें। इसमें यदि कोई तहसीलदार 30 दिन से अधिक अवधि की पेशी की तिथि देता है तो उसके विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि पीठासीन अधिकारी आरसीएमएस पोर्टल में सभी राजस्व प्रकरण दर्ज कर उनका समय सीमा में निराकरण करें। यदि कोई



प्रकरण बिना कारण के रीडर की लॉगिन में लंबित पाया गया तो कठोर कार्यवाही की जाएगी। राजस्व प्रकरणों में समय पर प्रतिवेदन न मिलने से भी कई प्रकरण लंबित हैं। सभी तहसीलदार पटवारियों से सात दिवस में प्रतिवेदन दर्ज कराना सुनिश्चित करें। पटवारी अपनी आईडी से ऑनलाइन प्रतिवेदन दर्ज कर दें। कुछ तहसीलों में निरीक्षण के दौरान कई ऐसे प्रकरण पाए गए हैं जिनमें न तो दिनांक का उल्लेख है और न ही उनमें पीठासीन अधिकारी के हस्ताक्षर हैं, ऐसी स्थिति सहन नहीं की जाएगी। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि राजस्व महाअभियान में जिलों के साथ-साथ सभी तहसीलों की भी रैंकिंग होगी। जिन तहसीलों की रैंकिंग खराब होगी वे कार्यवाही के लिए तैयार रहें। सिटीजन चार्टर और लोकसेवा गारंटी अधिनियम की समय सीमा का पालन करते हुए राजस्व प्रकरण निराकृत करें। एसडीएम पुराने पटवारियों के साथ नए पटवारियों की ड्यूटी लगाकर लंबित प्रकरणों का निराकरण कराएं। कलेक्टर ने सीमांकन, अविवादित बंटवारा, नक्शा तरमीम, अभिलेखों में सुधार तथा पीएम किसान सम्मान निधि में ई केवाईसी दर्ज होने की पटवारी हल्कावार समीक्षा की। कलेक्टर ने शासकीय जमीन में अतिक्रमण के संबंध में कार्यवाही न करने तथा भूमि आवंटन के संबंध में समय पर रिपोर्ट न देने पर सिलपरी हल्का के पटवारी को निलंबित करने तथा विभागीय जाँच के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में अपरान्ह में आयोजित बैठक में सिरमौर एवं सेमरिया तहसील के अधिकारियों व पटवारियों की उपस्थिति में राजस्व प्रकरणों की समीक्षा की तथा निर्देश दिये। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने कहा कि पीठासीन अधिकारियों को राजस्व प्रकरणों के निराकरण के संबंध में 21 जुलाई को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में मार्गदर्शन दिया जाएगा। बैठक में डिप्टी कलेक्टर श्रेयस गोखले तथा जिला प्रबंधक ई गवर्नेंस आशीष दुबे ने राजस्व प्रकरणों की तहसीलवार जानकारी दी। बैठक में संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय, एसडीएम हुजूर वैशाली जैन, एसडीएम गुढ़ डॉ. अनुराग तिवारी तथा दोनों तहसीलों के तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी उपस्थित रहे।

---

## सेल्फी ले रही नवविवाहिता क्योटी जल प्रपात में गिरी पति के साथ प्रयागराज से पिकनिक मनाने आई थी रीवा

### सिरमौर थाना क्षेत्र क्योटी जल प्रपात की घटना

**रीवा।** जिले के सिरमौर थाना अंतर्गत प्रसिद्ध पर्यटक स्थल क्योटी जलप्रपात में पिकनिक मनाने आई एक नवविवाहित महिला सेल्फी लेने के दौरान हादसे का शिकार हो गई है। मिली जानकारी के अनुसारक्योंटी जलप्रपात के किनारे खड़े होकर सेल्फी ले रही महिला अचानक से फिसल कर हजारों फीट गहरे जलप्रपात में जा गिरी है। घटना के वक्त मौके पर महिला का पति व परिवार के सदस्य मौजूद थे। स्थानीय लोगों द्वारा दी गई सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची है और जलप्रपात में गिरी महिला की तलाश में रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है । पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक वर्तिका पटेल पति सौरव पटेल उम्र 25 वर्ष जिसका विवाह महज तीन माह पूर्व यूपी के प्रयागराज में हुआ था,वह शुक्रवार को अपने पति और परिवार जनों के साथ पिकनिक मनाने के लिए रीवा स्थित क्योटी जलप्रपात आई हुई थी।यहां महिला सहित परिवार के लोग पिकनिक मना रहे थे इसी दौरान महिला जब जलप्रपात के किनारे खड़े होकर सेल्फी ले रही थी तभी उसका पैर अचानक से फिसल गया और वह हजारों फीट गहरे जलप्रपात में जा गिरी। घटना के दौरान मौके पर मौजूद परिजन सहित लोगों के बीच हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई, वहीं सूचना मिलती ही सिरमौर पुलिस मौके पर पहुंची है और महिला की तलाश में रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया है।



## मंदिर परिसर में असामाजिक तत्वों ने फेंका मरा हुआ कुत्ता, पैरों में बंधी मिली रस्सी

### लक्ष्मणबाग स्थित मुक्तिधाम में निर्मित महादेव मंदिर की घटना लोगों ने की कार्यवाही की मांग

**रीवा।** शांति का टापू कहे जाने वाले रीवा जिले में असमाजिक तत्वों के द्वारा लगातार अशांति फैलाने व सामाजिक सौहाद्र बिगाडने की कोशिश की जा रही है, एक बार फिर बिछिया थाना क्षेत्र के लक्ष्मणबाग स्थित मुक्ति धाम में निर्मित महादेव मंदिर मे असमाजिक तत्वों के द्वारा हिंदू धर्म की आस्था से खिलवाड किया गया है। जिले के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल कहे जाने वाले लक्ष्मणबाग स्थित मंदिर परिसर में असमाजिक तत्वों के द्वारा मरा हुआ कुत्ता फेंक दिया गया है।



कुत्ते के पैर में रस्सी बंधी हुई है जिससे साफ जाहिर होता है कि मरे हुये कुत्ते को दूसरी जगह से घसीटकर लाया गया और उसे मंदिर में फेंक दिया गया। इस घटना से स्थानीय लोगों में पूरा दिन आक्रोश रहा वही उनके द्वारा घटना की घोर निंदा करते हुये हिंदू धर्म की आस्था के साथ खिलवाड करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की मांग की है, माना जा रहा है कि यह क्रत्य किसी असमाजिक तत्व का है जिसके द्वारा ना सिर्फ धार्मिक आस्था के साथ खिलवाड किया गया बल्कि अशांति फैलाने वा सामाजिक सौहाद्र को बिगड़ने की कोशिश की गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह की घटनाएं आये दिन प्रकाश में आ रही है जिससे हिंदूओं की आस्था पर ठेस पहुंचाया जा रहा है, जिसमे पुलिस द्वारा निपक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ गाड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

## उल्टी दस्त से पीड़ित आठ माह के मासूम की मौत



### परिजनों ने उपचार में लापरवाही का लगाया आरोप

**रीवा।** जिले के त्योथर मे उल्टी दस्त के चलते सिविल अस्पताल में भर्ती 8 माह के मासूम बच्चे की मौत हो गई परिजनों ने उपचार में लापरवाही का आरोप लगाया है,बच्चे की मौत के बाद आक्रोशित परिजन सहित ग्रामीण भारी संख्या में त्योथर के सिविल अस्पताल पहुंचे है, जिनके द्वारा लापरवाही बरतने वाले चिकित्सक व स्टाफ पर कार्यवाही की मांग पर अड़े रहे,आक्रोशित लोगों का आरोप है कि अस्पताल में उपचार के



नाम पर सिर्फ खानापूर्ति हो रही है, जिसके चलते मासूम बच्चे की मौत हो गई है। जानकारी के मुताबिक त्योथर स्थित वार्ड क्रमांक 4 निवासी अशोक वर्मा के 8 वर्षीय मासूम बच्चे श्रेयांस को उल्टी दस्त की शिकायत थी। परिजन बच्चे को उपचार के लिये त्यौंथर के सिविल अस्पताल ले गये जहां उपचार के दौरान ही उसकी मौत हो गई। बच्चे की हुई इस मौत पर परिजनों नें उपचार के नाम पर खानापूर्ति करते हुये लापरवाही का आरोप लगाया और बच्चे की मौत का जिम्मेदार अस्पताल के ही डॉक्टर को ही ठहराया है, हंगामे को देखते हुये मौके पर स्थानीय प्रशासन व स्वास्थ्य अमला पहुंचा है जहां प्रशासन की ओर से आक्रोशित लोगों को समझाइस देकर शांत कराया वही प्रशासन की ओर से एक सप्ताह के भीतर अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार करने सहित बच्चे की मौत पर पीएम कराने और जांच करा कार्यवाही का आश्वासन दिया गया है।

**इनका कहना है**

ऐसी लापरवाही दोबारा घटित नहीं होगी पूरे मामले की गंभीरता से जांच कराई जाएगी। लापरवाही बरतने वाले डॉक्टरो के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**डॉ आर.के पाठक**
**बीएमओ स्वास्थ्य विभाग त्योथर रीवा**

## बेटे के साथ मायके गई महिला के सूने ने आवास में चोरों ने बोला धावा, नगदी, जेवरात और बर्तन लेकर हुए रफूचक्कर

रीवा। जिले के गढ़ क्षेत्र में सक्रिय चोरों ने एक बार फिर महिला के सूने आवास में धावा बोलते हुए चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। घटना के वक्त पीड़ित महिला अपने पुत्र के साथ मायके गई हुई थी, तभी चोरों ने उसके घर में धावा बोलते हुए नकदी, जेवरात और बर्तन ले कर फरार हो गए। मामले में पीड़ित महिला की ओर से चोरी की उक्त घटना की शिकायत थाने में दर्ज कराई गई है, जिसे पुलिस ने जांच में लेकर चोरों की पता तलाश शुरू कर दी है।




गढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गंगतीरा मे रहने वाली पार्वती साकेत नाम की महिला बीते दिवस अपने पुत्र के साथ मायके गई हुई थी। पीड़ित महिला के मुताबिक उसके घर के आसपास परिवार के ही लोग रहते हैं जिनके द्वारा फोन पर घर में चोरी हो जाने की सूचना दी गई। चोरी की खबर मिलते ही महिला जब मायके से अपने घर वापस लौटी तो उसने पाया कि घर में रखी हुई संदूक का ताला टूटा हुआ है और उसमें रखी नगदी सहित सोने चांदी के जेवरात और तांबे के बर्तन गायब है,फिलहाल पीड़ित महिला ने मामले की शिकायत गढ़ थाने में दर्ज कराई है जिस पर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है और चोरों का पता लगाने में जुट गई है।

## मऊगंज में 2016 से पेड़ के नीचे लग रही पाठशाला



**मऊगंज।** आज के इस दौर में शिक्षा जहां हमारी प्राथमिकता है ज्ञान के बिना मनुष्य पशु के समान है ज्ञान प्राप्त करने के लिए विद्यालयों का निर्माण किया गया। इस दिशा में सरकार रोज प्रयास कर रही है कि शिक्षा के माध्यम से देश अपनी तरक्की कर सके मानव जीवन शैली में शिक्षा का विशेष महत्व है। शिक्षा से ही जहां हम चांद में पहुंच चुके हैं। मामला जिला मुख्यालय से महज 3 किलोमीटर स्थित ग्राम घुरेहटा वार्ड 14 नगर परिषद के अंतर्गत का है। यह पाठशाला सन 1971 से अनवरत चालू है। इस प्राथमिक पाठ शाला घुरेहटा ध्वजाराम के लिए शंभू प्रसाद मिश्र द्वारा 05 डिसमिल जमीन विद्यालय भवन के लिए दान दी गई थी। जिसके संबंध में कई बार उनके वंशजों द्वारा तहसील का चक्कर भी लगाया कि खसरा मे पाठ शाला दर्ज हो जाएं। पूरे शिक्षण सत्र मे यह प्राथमिक पाठशाला पेड़ के नीचे 8 वर्षों से संचालित हो रही है। वर्ष 2016 के पूर्व में बने कच्चे भवन पर यह पाठशाला संचालित होती थी। 2016 में कच्चा भवन क्षतिग्रस्त हो गया। उक्त जमीन दाता के वंशज श्रीनिवास मिश्र द्वारा नगर पंचायत में भी इसकी सूचना दी गई थी सूचना करता द्वारा बताया गया कि इस संबंध में तहसील कार्यालय में कई बार जमीन का पट्टा कराने आवेदन दिया गया 2020 में स्टांप में जमीन मांगी गई फिर 2022 में नोटरी के माध्यम से जमीन मांगी गई किंतु तहसील कार्यालय से आज तक किसी के द्वारा जमीन के संबंध में निरीक्षण नहीं किया गया। और दान पत्र नहीं तैयार हो सका,जिसके कारण भवन ना होने से आज भी पेड़ के नीचे कक्षाएं चल रही है। जनसुनवाई के दौरान जमीन दाता के परिजनों ने कलेक्टर अजय श्रीवास्तव को मांग पत्र दिया गया ताकि विद्यालय की जमीन दस्तावेजों में दर्ज हो जाए और बच्चों के पढ़ने के लिए भवन का निर्माण किया जाए।

## श्रावण मास मेला व्यवस्था को लेकर व्यापक तैयारियां

**मऊगंज।** जिले के ऐतिहासिक शिव मंदिर देवतालाब में श्रावण मास मेला व्यवस्था को लेकर क्षेत्रीय विधायक की उपस्थिति में जिला प्रशासन मऊगंज द्वारा मंदिर परिसर में बैठक का आयोजन किया गया।

**दर्शन हेतु प्रवेश वनवे** बैठक में आवागमन व्यवस्था सुचारू रूप से बनाए जाने के निर्देश दिए गए। कहा ऐसी व्यवस्था बनाई जाए जिससे भगवान भोलेनाथ दर्शन एवं जलाभिषेक में श्रद्धालुओं को सरलता महसूस हो सके। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा पुजारी से चर्चा कर आने वाली समस्याओं को जाना गया वहीं निर्देश दिए गए की दर्शन हेतु प्रवेश वनवे होगा यानी पूर्वी उत्तरी भाग से प्रवेश होकर शिवकुंड परिक्रमा होकर कतार वद्ध होकर सभी श्रद्धालु मंदिर के सामने बनाई गई आधुनिक व्यवस्था के तहत जलाभिषेक करेंगे। उपरांत कंट्रोल रूम के बगल से बाहर निकल जाएंगे।

**पूरे मंदिर क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे की रहेगी निगरानी** क्षेत्रीय विधायक श्री गौतम द्वारा निर्देश दिए गए की जिस स्थान यानी मंदिर के मुख्य द्वार से आधुनिक सिस्टम के तहत जलाभिषेक की व्यवस्था होगी वहां ऊंचाई तैयार कर रैंप लगाया जाए। जिससे जलाभिषेक दौरान श्रद्धालु भगवान भोले के दर्शन भी कर सकें श्रद्धालुओं के लिए बेहतर व्यवस्था बनाने हेतु एवं चोर उचक्को से बचने के लिए बेहतर क्वालिटी के सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। सीसीटीवी कैमरे मंदिर परिसर से लेकर पूरे मेला क्षेत्र में लगाए जाएंगे।

**माइक्रो इरिगेशन से शिवकुंड होगा लबालब** कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव ने कहा कि मंदिर परिसर एवं शिवकुंड में पर्याप्त जल व्यवस्था बनाए जाने हेतु माइक्रो इरिगेशन के



पाइप लाइन से शिवकुंड को भरा जाएगा जिससे निकट भविष्य में पानी की समस्याएं दूर होगी।

**द्वारों के उद्घाटन के दिन दिवाली जैसा होगा माहौल** क्षेत्रीय विधायक श्री गौतम ने आम श्रद्धालु से कहा कि शिव धाम शिव धाम में जगह-जगह बनाए गए द्वारों का का उद्घाटन होना सुनिश्चित किया गया है। सभी क्षेत्रवासियों मेला परिसर के व्यापारियों से आग्रह है। कि जिस दिन सभी द्वार का एक साथ उद्घाटन होगा उस दिन शिवनगरी देवतालाब में दीपावली जैसा वातावरण निर्मित हो यानी पूरे मेला क्षेत्र को विशेष प्रकाश से सुसज्जित किया जाए।

**श्रद्धालुओं के लिए टैंकर से पानी की कराई जाएगी पूर्ति** इस दौरान लोगों ने कहा कि विगत दो वर्ष से नल जल योजना बंद पड़ी है। जिसके कारण मेला क्षेत्र ही नहीं पूरे देवतालाब में पेयजल का भारी संकट है। जिस पर क्षेत्रीय विधायक एवं जिला प्रशासन द्वारा आम जनमानस को आश्वासन दिया गया की सड़क निर्माण के कारण ऐसी स्थितियां निर्मित हुई है। जल्द नल जल योजना चालू हो जाएगी साथ ही मेले में पानी की सुगमता हेतु जलाअभिषेक हेतु शिवकुंड का पानी प्रयोग होगा। वहीं श्रद्धालुओं के लिए जगह-जगह टैंकर से पानी प्रदान किया जाएगा। इसके लिए नईगढ़ी जनपद सीईओ को निर्देश दिए गए की सभी पंचायतों के माध्यम से टैंकर के द्वारा मंदिर परिसर में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के साथ ही मेला व्यवस्था हेतु एपीओ नईगढ़ी की मेला कंट्रोल रूम में नियुक्ति करें।

**विधायक निधि से तत्काल डीजी की होगी व्यवस्था** बिजली समस्या को ध्यान में रखते हुए क्षेत्रीय विधायक श्री गौतम ने कहा कि विधायक निधि से अति शीघ्र करीब 10 लाख रुपए लागत से डीजी डीजी 65 हॉर्स पावर की खरीददारी की जाएगी। और उसी के माध्यम से शिवकुंड में पानी भरने एवं आवश्यकता अनुसार मंदिर परिसर में प्रकाश की व्यवस्था की जाएगी।

**आरती के दौरान पांच पुजारियों के अलावा प्रवेश वर्जित** बैठक दौरान निर्णय लिया गया कि सुबह शाम आरती एवं भोग के दौरान निश्चित पांच पुजारी मंदिर में प्रवेश कर पूजा अर्चना उपरांत भगवान सोमनाथ को भोग लगाएंगे तत्पश्चात मंदिर प्रवेश पूर्ण रूपेण वर्जित रहेगा।

**मंदिर परिसर में नारियल तोड़ना प्रतिबंधित** वही यह भी निर्देश दिए गए की मंदिर के अंदर लगाई गई सीलिंग फॉल को अल्प समय के लिए हटाया जाए मंदिर परिसर में नारियल तोड़ने में पूर्ण रूपेण मनाही रहेगी श्रावण मेले में नारियल तोड़ने की व्यवस्था कंट्रोल रूम के पश्चिमी मैदान पर होगी।

**वाहन पार्किंग के लिए तीन अलग-अलग स्थान चिन्हित** आवागवन सुचारू रूप से बना रहे किसी भी श्रद्धालु को आने-जाने में असुविधा का सामना न करना पड़े। इसके लिए तीन अलग-अलग वाहन पार्किंग क्षेत्र बनाए गए हैं। दक्षिणी छोर पर जहां खेल मैदान वाहन पार्किंग स्थान होगा। वहीं पश्चिमी छोर से आने वाले वाहन खटखारिया तालाब परिसर में खड़े होंगे। वहां नईगढ़ी तरफ से जाने वाले वाहन पेट्रोल टंकी से पहले बनाए गए पार्किंग स्थल पर खड़े होंगे।